(b) A scheme for the improvement of Harijan Basties has been taken up by the Municipal Corporation of Delhi during the current financial year from a sum of Rs. 10 lakhs made available to them by the Delhi Administration.

(c) Under the scheme referred to in (b), works such as the provision of brick paving and drains, the construction of latrine blocks, the installation of street lights and improvement of sweepers quarters are being executed.

नागार्जुन सागर (बांध) और कोसी बांध के पानी से निर्धारित किया गया सिंचाई लक्ष्य

4880. **श्री ओम प्रकाश त्यागी :**

श्री रणजीत सिंह :

श्री नारायण स्वरूप शर्मा :

श्री रामगोपाल शालवाले :

क्या **सिंचाई तथा विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) नागार्जुन सागर बांध तथा कोसी बांध (बिहार) के पानी से कुल कितनी हैक्टेयर भूमि की सिंचाई करने के लक्ष्य निर्धारित किये गये थे;

(ख) इस समय कुल कितनी हैक्टेयर भूमि की सिंचाई की जा रही है ;

(ग) सरकार ने कितने बांध बनाए हैं;

(घ) उनमें से उन बांधों की कितनी संख्या है जिनके लक्ष्य पूरे हो गये हैं; और

(ङ) अन्य बांधों के द्वारा सिंचाई सम्बंधी लक्ष्यों की पूर्ति न कर पाने के क्या कारण हैं ?

सिंचाई तथा विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) :

(क) नागार्जुनसागर परियोजना के सब प्रकार से पूर्ण हो जाने पर इससे कुल 8·31 लाख हैक्टेयर भूमि की सिंचाई प्रस्तावित है और कोसी परियोजना की पूर्वी नहर प्रणाली से 7 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई प्रस्तावित है।

(ख) 1969–70 के अन्त तक नागार्जुनसागर परियोजना के अन्तर्गत 3·30 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होनी प्रत्याशित है। कोसी परियोजना के अन्तर्गत, 2.60 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होनी प्रत्याशित है।

(ग) से (ङ): योजनाओं के सूत्रपात होने से लेकर अब तक हमारे देश में 537 बृहत् और मध्यम परियोजनाओं को निर्माणार्थ हाथ में लिया गया है। इन परियोजनाओं पर कुल 2800 करोड़ रुपये से अधिक लागत आने का अनुमान है। 1968-69 के अंत तक इस पर लगभग 1600 करोड़ रुपये खर्च हो चुके थे। 300 स्कीमें पूर्ण हो चुकी थीं और अन्य स्कीमें निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं और उनमें से कुछ से तो लाभ भी प्राप्त होने लगे हैं। जब यह स्कीमें सब प्रकार से पूर्ण हो जाएंगी तो इनसे 460 लाख एकड़ भूमि की सिंचाई होने की संभावना है। इस कुल शक्यता में से, 200 लाख एकड़ से अधिक का विकास 1968–69 तक हो चुका था, और ऐसी संभावना है कि चौथी योजना के अंत तक 100 से 120 लाख एकड़ तक की सिंचाई शक्यता का और विकास हो जाएगा।

अहमदाबाद जिले के करमवाला ग्राम में तस्करी की घड़ियों तथा अन्य सामान का पकड़ा जाना

4881. **श्री ग्रा. सुन्दरलाल :**

श्री हुकमचन्द कछवाय :

श्री श्रीचन्द गोयल :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अहमदाबाद के वालसाड जिले में करमवाला ग्राम में अगस्त, 1969 के उत्तरार्द्ध में भारी संख्या में तस्करी की घड़ियां तथा अन्य सामान पकड़ा गया था;